# जैतून खेती के लिए मिट्टी व जलवायु उपयुक्त

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**

rajasthanpatrika.com

**राजलदेसर.** इजरायल के जैतून खेती के कृषि विशेषज्ञ यूवल चैन ने कहा कि जैतून की खेती के लिए चूरू जिले की जलवायु व मिट्टी उपयुक्त है।

वे सोमवार देर शाम गांव जेगणियां की रोही में स्थित घिंटाला कृषि फार्म हाउस पर लगाए गए जैतून की खेती का निरीक्षण करने के बाद कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। जैतून की खेती को बढ़ावा देने के लिए कार्यशाला में उपस्थित किसानों को राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एवं एनएमओपीपी योजना के तहत जैतून संबंधित प्रयोगिक प्रशिक्षण दिया गया। चीफ ऑपरेशन ऑफिसर योगेश कुमार वर्मा, स्थानीय कृषि अधिकारी रामावतार शर्मा व राजेन्द्र महला ने किसानों को जैतून की खेती के संबंध में जानकारी दी। बद्रीनारायण, विजयपाल घिंटाला, ओमप्रकाश गोदारा, पीतराम पारीक, तुलछाराम, लक्ष्मणसिंह, चन्द्रप्रकाश घिंटाला, मंगदास, पदमाराम, मोहनलाल आदि किसान मौजूद थे।



राजलदेसर. जैतून की खेती का अवलोकन करते इजरायल के कृषि विशेषज्ञ यूवल चैन ।